**HSBC Mutual Fund**

# धोखाधड़ी से सुरक्षित रहें।

## आर्थिक घोटालों से सुरक्षित रहने के लिए कुछ सुझाव।




आज–कल ठग आपसे आपके पर्सनल अकाउंट की जानकारी लेने के लिए कई तरह के हथकंडों का इस्तेमाल करते हैं। इससे आपके म्यूचुअल फंड्स या बैंक खातों से अनाधिकृत रूप से पैसे निकाले जाने, आपके क्रेडिट/डेबिट कार्ड पर अनाधिकृत ट्रांज़ैक्शन होने या अन्य कई तरीकों से आपके साथ धोखा हो सकता है। पेश हैं लेन–देन, ख़रीदारी करते समय और ऑनलाइन निवेश करते समय सुरक्षित रहने के कुछ तरीके।

### झूठे फोन कॉल या विशिंग

आपको आपके बैंक या म्यूचुअल फंड से कॉल या एसएमएस आता है, लेकिन उस व्यक्ति के पास आपके अकाउंट नंबर, पते जैसी आपकी बुनियादी जानकारी नहीं होती।

ध्यान रहे, कोई भी बैंक या वित्तीय संगठन आपसे आपकी मूल जानकारी लेने के लिए कॉल नहीं करेगा, क्योंकि उनके पास यह जानकारी पहले से मौजूद होती है।



### झूठे एसएमएस या टेक्स्ट या स्मिशिंग

आपको आपके बैंक से एसएमएस या व्हॉट्सएप पर चेतावनी मिलती है कि आपके खाते के साथ कोई समस्या है, जिसपर तुरंत ध्यान देने की ज़रूरत है।

इस मेसेज में अक्सर आपसे आपके पासवर्ड, पिन, ओटीपी, निजी या वित्तीय जानकारी देने के लिए कहा जाता है।

## स्पैम ईमेल, जिसे फिशिंग भी कहा जाता है



आपको आपके बैंक या वित्तीय संगठन से केवाइसी अपडेट करने या म्यूचुअल फंड योजनाओं का लाभ लेने के लिए ईमेल आता है, जिसमें आपके पते, पैन, आधार, अकाउंट नंबर, पासवर्ड या अन्य विवरणों की मांग की जाती है।

इस तरह के ईमेल्स का जवाब न दें, क्योंकि आपके बैंक या वित्तीय संगठन के पास पहले से यह जानकारी मौजूद होती है।

कई बार ईमेल में एक लिंक होती है, जो आपको हैकर्स द्वारा आपके बैंक या म्यूचुअल फंड वेबसाइट की नकल करके बनाई गयी झूठी वेबसाइट पर ले जाती है, जिसके सर्च बार में ताले का आइकॉन भी मौजूद होता है।

**सुरक्षित रहने के लिए, आपके अकाउंट स्टेटमेंट या डेबिट/क्रेडिट कार्ड पर दिए गए टोल–फ्री नंबर पर कॉल करें।**

Follow us on

**एचएसबीसी म्यूचुअल फंड की ओर से निवेश शिक्षण और जागरुकता की एक पहल**

एक बार की नो योर कस्टमर (केवाइसी) प्रक्रिया, सेबी स्कोर्स (https://www.scores.gov.in) समेत शिकायत निवारण प्रक्रिया के लिए https://tinyurl.com/yfchd477 देखें। निवेशकों को सिर्फ पंजीकृत म्यूचुअल फंड्स के साथ सौदा करना चाहिए, जो सेबी की वेबसाइट पर मध्यस्थ/ बाज़ार संरचना संगठन के रूप में सत्यापित हो (https://www.sebi.gov.in/intermediaries.html) । एचएसबीसी म्यूचुअल फंड द्वारा शुरू की गयी ‘निवेशक शिक्षण और जागरुकता की पहलों’ पर जानकारी के लिए निवेशक एचएसबीसी म्यूचुअल फंड की वेबसाइट पर ‘निवेशक शिक्षण‘ खंड देख सकते हैं

यह दस्तावेज़ सिर्फ भारतीय क्षेत्र में वितरण के लिए है। न तो यह दस्तावेज़ और न ही एचएसबीसी म्यूचुअल फंड की युनिट्स किसी विदेशी क्षेत्र के सुरक्षा कानून/नियमों के अंतर्गत पंजीकृत हैं। कुछ क्षेत्रों में इस दस्तावेज़ का वितरण ग़ैरकानूनी या सीमित या पूरी तरह प्रतिबंधित हो सकता है और तदनुसार, इस दस्तावेज़ को प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को इस प्रकार की किसी भी रोक के बारे में जानकारी रखनी चाहिए। अगर भारत के बाहर का कोई व्यक्ति इस दस्तावेज़ को प्राप्त करना चाहता है, तो ऐसा वह अपने जोखिम पर करेगा और ऐसा करने पर किसी भी स्थानीय कानून या नियम के उल्लंघन के लिए एचएसबीसी तथा उसकी ग्रुप कंपनियाँ ज़िम्मेदार नहीं होंगी।

**म्यूचुअल फंड निवेश बाज़ार के जोखिमों के अधीन हैं, योजना से जुड़े सभी दस्तावेज़ों को ध्यान से पढ़ें।**

CL565